पंजाब केसरी 25/02/2025

गांव उगाड़ा में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के समापन समारोह में शामिल ग्रामीण और विद्यार्थी।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज का 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर सम्पन्न

अम्बाला, 24 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा चलाए जा रहे 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन गांव उगाड़ा में हुआ। समापन समारोह के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों ने गांव में पौधारोपण कर सरपंच से यह वचन लिया कि कि वह इस पौधे का पोषण पुत्रवत करेंगे।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने एन.एस.एस. यूनिट को बधाई देते हुए कहा कि एन.एस.एस. शिविर का लक्ष्य ही समाज को जागरूक करके

» उगाड़ा में पौधारोपण कर सरपंच से पुत्रवत पोषण करने का लिया वचन

उनको दिशा देना है। डा. रोहित दत्त ने गांव के वर्तमान सरपंच एवं पूर्व सरपंच का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस शिविर को सफल बनाने में उन दोनों एवं अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव उगाडा की सरपंच परविंदर कौर एवं नंबरदार तरसेम सिंह मौजूद रहे।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच जसविंदर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, 'यह गांव आपका है और आपको किसी भी तरह के सहयोग की जरूरत होगी, तो मैं आपके साथ हूं।' गांव की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि उगाड़ा हरियाणा का पहला गांव है जहां पर सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर डा. अनीश एवं डा. सरोज बाला विशेष तौर पर मौजूद रहे।